उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, वित्त समिति की 48वीं बैठक दिनांक 11 मार्च, 2022 को पूर्वाह्न 11:30 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो0 सीमा सिंह, माननीया कुलपति, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने की। सर्वप्रथम माननीया कुलपति, प्रो0 सीमा सिंह ने वित्त समिति के मा0 सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।



*वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करती हुई*
*माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं बैठक में उपस्थित सदस्यगण।*




बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, उ0 प्र0 शासन की ओर से डॉ0 राजीव पाण्डेय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, श्री बी.के.सिंह, पूर्व आयुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, सचिव, वित्त विभाग, उ0 प्र0 शासन को ओर से श्री प्रमोद कुमार सिंह, अपर निनदेशक, पेंशन एवं कोषागार, प्रयागराज, श्री अजय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 पी0पी0 दुबे, कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं श्री डी.पी. सिह, परीक्षा नियंत्रक, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज उपस्थित रहे।




**माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी**







*वित्त समिति की बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं बैठक में उपस्थित सदस्यगण।*

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

11 मार्च, 2022

## परीक्षा सामग्री लेके जा रही गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर कुलपति ने किया रवाना



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसंबर 2021 की परीक्षाएं 15 मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री डी.पी. सिंह ने बताया कि परीक्षाएं 25 अप्रैल को समाप्त होंगी। पूरी परीक्षाएं 30 दिन में संचालित की जाएंगी।



*परीक्षा सामग्री लेके जा रही गाड़ियों का पूजन करती हुई मा० कुलपति प्रो० सीमा सिंह जी तथा साथ में परीक्षा नियंत्रक श्री डी.पी. सिंह*





प्रदेश में लगभग 130 परीक्षा केंद्रों पर 60000 शिक्षार्थी परीक्षा देंगे। जेल बंदी परीक्षार्थी प्रदेश की विभिन्न जेलों में बनाए जा रहे परीक्षा केंद्रों में ही परीक्षा देंगे।

इसी क्रम में आज दिनांक 11 मार्च, 2022 को मा० कुलपति प्रो० सीमा सिंह जी ने परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री लेके जा रही गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक श्री डी.पी. सिंह एवं परीक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित



मुक्त चिन्तन

## विद्या परिषद् की 71वीं बैठक आयोजित

11 मार्च, 2022

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 71वीं बैठक दिनांक 11 मार्च, 2022 को अपराह्न 03:00 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता, विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति, प्रो० सीमा सिंह जी ने की। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।





प्रो० सीमा सिंह जी
माननीया कुलपति,








*विद्या परिषद की बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं बैठक में उपस्थित मा0सदस्यगण।*




माननीया कुलपति, प्रो0 सीमा सिंह जी

बैठक में प्रो0 ए.आर. सिद्दीकी, विभागाध्यक्ष, भूगोल, इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागरा, प्रो0 आर.के. सिंह सिंह, डीन, कला संकाय, इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 एन0 के0 राना, भूगोल विभाग, विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, प्रो0 प्रभाकर सिंह, भौतिक विज्ञान विभाग, आई.आई.टी., काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, प्रो0 ओमजी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 आशुतोष गुप्ता निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 गिरिजा शंकर शुक्ल निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 सत्यपाल तिवारी, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 सन्तोषा कुमार, आचार्य (इतिहास), समाज विज्ञान विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 रूचि बाजपेई, आचार्य (हिन्दी) मानविकी विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, डॉ0 आनन्दा नन्द त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान (समाज विज्ञान विद्याशाखा) उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, डॉ0 संजय कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, भूगोल, (समाज विज्ञान विद्याशाखा), उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, श्री मनोज कुमार बलवन्त, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, कम्प्यूटर विज्ञान ( विज्ञान विद्याशाखा), उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, डॉ0 सतीश चन्द्र जैसल, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार, (मानविकी विद्याशाखा) उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, श्री डी.पी. सिंह, परीक्षा नियंत्रक (विशेष आमंत्रित), उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं प्रो0 प्रेम प्रकाश दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा/ कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, आनलाइन/आफ लाइन उपस्थित रहे।



*विद्या परिषद की बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं बैठक में उपस्थित मा0सदस्यगण।*

News Letter

# मुक्त चिन्तन

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥



मुक्त चिन्तन

11 मार्च, 2022



## मुविवि के महिला अध्ययन केंद्र ने की गांव में कार्यशाला

.......................

## ग्रामीण महिलाओं ने दिखाए कलात्मक हुनर






उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत गांव में संचालित महिला शिक्षा एवं स्वावलम्बन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जैतवार डीह,सोरांव विकासखंड तथा मातादीन का पूरा, फाफामऊ में कार्यशाला का आयोजन किया गया।





महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर रुचि बाजपेई ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण महिलाओं को अपनी घरेलू एवं कलात्मक हस्तशिल्प संबंधी दक्षता के आधार पर पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय में भविष्य में आयोजित किए जाने वाले ग्रामीण हस्तशिल्प प्रदर्शनी कार्यक्रम के विषय में भी महिलाओं को जानकारी दी। प्रोफेसर बाजपेई ने कहा कि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के निर्देशन में महिला अध्ययन केंद्र रोजगार परक कौशलों के क्षेत्र में नए–नए ज्ञान और अनुभव को ग्रामीणों के साथ साझा करने और उनका मनोबल बढ़ाते रहने के लिए संकल्पबद्ध है।

सहायक समन्वयक डॉ साधना श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण हस्तशिल्प पाककला सिलाई कढ़ाई आदि द्वारा महिलाएं आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं और बहुत हद तक अपनी समस्याओं से मुक्ति प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए महिलाओं को दृढ़ संकल्पित होना पड़ेगा और घर से बाहर निकलने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा। प्रारंभ में उनके सामने कुछ मुसीबतें आएंगी लेकिन प्रयत्न करने से उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।

केंद्र के अन्य सदस्यों ने भी ग्रामीण महिलाओं से बातचीत की और कार्यशाला में उनके द्वारा बनाकर लाई गई कपड़े,नायलान डोरी, कागज, मूंज आदि से निर्मित हस्तशिल्प सामग्री पांवदान, गुलदान, डलिया, झालर, पंखे तथा सजावटी सामान आदि का निरीक्षण किया। ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित अचार, पापड़, नमकीन आदि का भी परीक्षण किया गया।

कार्यशाला में ग्राम प्रधान श्री महेन्द्र गिरि, आशा वर्कर पुष्पा श्रीवास्तव, श्रीमती जुगनू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शकुंतला देवी, श्रुति, साधना, करिश्मा, डॉ अतुल कुमार मिश्र, डॉ शिवेंद्र प्रताप सिंह तथा श्री राजेश गौतम आदि उपस्थित रहे।























मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

11 मार्च, 2022

# महिला अध्ययन केंद्र ने कुलपति जी को भेंट की ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार की गयी गुलदस्ता




माननीय कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी को ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार की गयी गुलदस्ता भेंट करती हुई महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर रुचि बाजपेई एवं सहायक समन्वयक डॉ साधना श्रीवास्तव

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
12 मार्च, 2022

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




आर्य कन्या महाविद्यालय, प्रयागराज में दिनांक 12 मार्च, 2022 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी रही। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रमा सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, गोला फेक, चक्का फेक,कबड्डी, खो–खो, चेस एवं कैरम के विजेताओं क्रमशः सुकन्या सिंह, कीर्ति सिंह, आरती साहू, रिया निषाद, करिश्मा, प्रिया यादव, अंशिका साहू, एकता बानो, शिवानी केसरवानी, मृदु मिश्रा, अनुराधा सिंह, कीर्ति तिवारी, बबली, अंशु मिश्रा, प्राची सिंह, ईशिता द्विवेदी एवं नेहा त्रिपाठी को सम्मानित किया।






*माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करती हुई महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 रमा सिंह जी एवं खेलकूद प्रतियोगिताा का उद्घाटन करती हुई मा0 कुलपति जी।*



*छात्राओं को सम्मानित करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी*













मुख्य अतिथि उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने कहा कि महिलाएं सृजनकर्ता हैं। जहॉ भी महिलाओं के सशक्त होने की बात होती है, लक्ष्य निर्धारण मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी

दैनिक जागरण





# लक्ष्य निर्धारण से सशक्त होंगी महिलाएं : कुलपति

**जासं, प्रयागराज :** आर्य कन्या महविद्यालय में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि आइजी राकेश सिंह ने सभी को खेल शपथ दिलाई। उन्होंने कहा पढ़ाई के साथ खेलकूद की प्रतियोगिताओं में भागीदारी अच्छी पहल है। शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने बताया महाविद्यालय की छात्राएं सभी प्रतियोगिताओं में अव्वल रहती हैं।

अतिथियों का स्वागत प्राचार्या डा. रमा सिंह ने किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहा महिलाएं सृजनकर्ता हैं। जहां भी महिलाओं के सशक्त होने की बात होती है, लक्ष्य निर्धारण मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। मुख्य अतिथि ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, गोला फेंक, चक्का फेंक, कबड्डी, खो-खो, चेस एवं कैरम के विजेताओं क्रमशः सुकन्या सिंह, कीर्ति सिंह, आरती साहू, रिया निषाद, करिश्मा, प्रिया यादव, अंशिका साहू, एकता बानो, शिवानी केसरवानी, मृदु मिश्रा, अनुराधा सिंह, कीर्ति तिवारी, बबली, अंशु मिश्रा, प्राची सिंह, ईशिता द्विवेदी, नेहा त्रिपाठी को सम्मानित किया।

मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित






मुक्त चिन्तन

14 मार्च, 2022


# माननीया कुलपति जी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक तथा परीक्षा केन्द्राध्यक्षकों की आनलाइन बैठक





माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक तथा परीक्षा केन्द्राध्यक्षकों के साथ बैठक (आनलाइन) दिनांक 14 मार्च, 2022 को दोपहर 12:00 बजे आयोजित की गई।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसंबर 2021 की परीक्षाएं मंगलवार 15 मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षाएं 25 अप्रैल को समाप्त होंगी।



## मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 15 मार्च से

## 60 हजार शिक्षार्थी देंगे परीक्षा

## आठ केंद्रीय कारागार में भी बने परीक्षा केंद्र

परीक्षा नियंत्रक श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में लगभग 130 परीक्षा केंद्रों पर 60000 शिक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके अतिरिक्त जेल बंदी परीक्षार्थी प्रदेश के प्रयागराज, आगरा, आजमगढ़, गाजियाबाद, अयोध्या, बरेली, मेरठ तथा फतेहपुर में स्थित केंद्रीय कारागार में बने परीक्षा केंद्रों में ही परीक्षा देंगे।

श्री सिंह ने बताया कि 15 मार्च से 23 मार्च तक तीन पालियों में प्रातः 7:00 से 10:00 बजे तक प्रथम पाली, पूर्वाह्न 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक द्वितीय पाली तथा अपराह्न 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक तृतीय पाली में प्रमाण पत्र डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि कार्यक्रमों की परीक्षा का आयोजन किया गया है।

इसके पश्चात 24 मार्च से 25 अप्रैल तक स्नातक एवं परास्नातक कार्यक्रमों की परीक्षा दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 9:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 1:00 से 4:00 तक आयोजित की जाएगी।




परीक्षा नियंत्रक श्री डी0पी0 सिंह



माननीया कुलपति प्रो० सीमा सिंह जी


कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने आज सभी केंद्राध्यक्षों के साथ ऑनलाइन बैठक करके उन्हें शुचितापूर्ण ढंग से एवं कोविड–19 प्रोटोकॉल के अंतर्गत नकल विहीन परीक्षाएं संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विश्वविद्यालय द्वारा गठित पर्यवेक्षकों एवं उड़ाका दल की टीम परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेगी।



मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
14 मार्च, 2022

# ACS HIGHER EDUCATION MEETING





वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करती हुई विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति, प्रो0 सीमा सिंह जी

दिनांक 14 मार्च, 2022 को अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक (जूम मीटिंग) दोपहर 12:15 बजे आयोजित की गयी। उक्त वर्चुअल बैठक में विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं कुलसचिव, प्रो0 पी0पी0 दुबे ने प्रतिभाग किया।



वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करते हुए कुलसचिव, प्रो0 पी0पी0 दुबे

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

मुक्त चिन्तन

14 मार्च, 2022




## मुविवि के महिला अध्ययन केंद्र ने की गांव में महिला शिक्षा एवं स्वावलंबन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण हस्तशिल्प प्रदर्शनी तैयारी कार्यशाला






उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत गोहरी गांव में महिला शिक्षा एवं स्वावलम्बन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 14 मार्च, 2022 को कार्यशाला का आयोजन किया गया।








इस कार्यक्रम में जहॉं एक ओर ग्रामीण महिलाओं को विश्वविद्यालय के शैक्षिक तथा रोजकारपरक कार्यक्रमों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी, वही दूसरी ओर उनमें स्व–रोजगार एवं स्वावलंबन की दिशा में जागरूकता लाने हेतु विश्वविद्यालय में आगामी कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित प्रदर्शनी और अन्य गतिविधियों की सूचनाऍं भी दी गयी।






विश्वविद्यालय के महिलला अध्ययन केन्द्र द्वारा संचालित महिला शिक्षा एवं स्वावलम्बन जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन प्रयागराज के विभिन्न गॉवों में किया जा रहा है। विश्वविॖलय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी का कहना है कि ग्रामीण महिलाओं में पाये जाने वाले अनेक घरेलू एवं कलात्मक कौशलों को पुष्पित–पल्लवित करने की दिशा में उन्हें जागरूक करना और इन हस्तशिल्पों के माध्यम से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की प्रस्तावना करने का प्रयास महिला अध्ययन केन्द्र कर रहा है, जो अत्यन्त सराहनीय है। विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं और इस केन्द्र के समन्वित सहयोग से हम सब इस दिशा में निरन्तर आगे बढ़नें हेतु कृतसंकल्पित हैं।



माननीया कुलपांते प्रो ० सीमा सिंह जी
















प्रयागराज के सोरांव विकास खण्ड के गोहरी गॉव में आयोजित इस कार्यशाला में महिला अध्ययन केन्द्र की समन्वयक प्रो0 रूचि बाजपेई, सह–समन्वयक डॉ0 श्रुति एवं डॉ0 मीरा पाल, सहायक समन्वयक डॉ0 साधना श्रीवास्त और केन्द्र के अन्य सदस्य डॉ0 शिवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्री राजेश गौतम ने ग्रामीण महिलाओं को विविध हस्तशिल्पों जैसे–बागवानी, सिलाई, पाक कला, दस्तकारी, चित्रकला आदि पर विश्वविद्यालय में भविष्य में प्रारम्भ किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी। गॉव की जो महिलाएँ इन कलाओं में दक्ष हैं वे यदि अपनी प्रतिभा को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी आदि के माध्यम से सामने लाएँगी, तो विश्वविद्यालय प्रशिक्षण के द्वारा उनके कौशल में वृद्धि करने में उनकी हर संभव सहायता करने के लिए तत्पर है। इसी से आगे भविष्य में उनके समक्ष स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के नए अवसर उपस्थित होंगे।

इस कार्यक्रम में गोहरी गॉव की प्रधान श्रीमती चमेला देवी, शिवपूजन जी, शान्ति आदि अन्य लोग उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं का उत्साह दर्शनीय था।

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
मुक्त चिन्तन
15 मार्च, 2022

# कार्य परिषद् की 123वीं बैठक आयोजित






उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की 123वीं बैठक दिनांक 15 मार्च, 2022 को अपराह्न 03:15 बजे कमेटी कक्ष में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता, विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति, प्रो0 सीमा सिंह जी ने की। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।







प्रो0 सीमा सिंह जी
माननीया कुलपति,

*कार्य परिषद की बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं बैठक में उपस्थित मा0सदस्यगण।*

# कार्य परिषद् की 122वीं बैठक आयोजित




बैठक में माननीय न्यायमूर्ति श्री सुनीत कुमार, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद (प्रयागराज), प्रो0 निर्मला एस. मौर्य, कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर, प्रो0 राजेन्द्र प्रसाद दास, प्रति कुलपतिख इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, डॉ0 गोविन्द शेखर, अवकाश प्राप्त प्राचार्य, बहराइच, श्री ओम प्रकाश बदलानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रयाग क्ले प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड आफ रिंग रोड, वाराणसी, श्री अभय सिंह, सूर्या इण्डिया पैलेस, वाराणसी, प्रो0 प्रेम प्रकाश दुबे, निदेशक कृषि विज्ञान विद्याशाखा एवं कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 सत्यपाल तिवारी, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, आचार्य, शिक्षा शास्त्र (शिक्षा विद्याशाखा), उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, डॉ0 आनन्दा नन्द त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान (समाज विज्ञान विद्याशाखा), उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, डॉ0 साधना श्रीवास्तव, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार (मानविकी विद्याशाखा), उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, श्री डी.पी. सिंह, परीक्षा नियंत्रक (विशेष आमंत्रित), उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं श्री अजय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी (विशेष आमंत्रित), उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज (ऑफ लाइन एवं ऑनलाइन) उपस्थित रहे।



*कार्य परिषद की बैठक की अध्यक्षता करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं बैठक में उपस्थित मा0सदस्यगण।*

# मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज


उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

16 मार्च, 2022

मुक्त चिन्तन

16 मार्च, 2022


## LMS (Learning Management System) विकसित किये जाने के सन्दर्भ में वर्चुअल बैठक



अपर मुख्य सचिव



माननीया कुलपति, प्रो0 सीमा सिंह जी


दिनांक 16 मार्च, 2022 को अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान द्वारा LMS (Learning Management System) विकसित किये जाने के सन्दर्भ में वर्चुअल बैठक (जूम मीटिंग) पूर्वाह्न 11:45 बजे आयोजित की गयी।







*वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करती हुई मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।*





*वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करती हुई मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह एवं कुलसचिव, प्रो0 पी.पी.*

उक्त वर्चुअल बैठक में विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह, सीका निदेशक, प्रो0 ओमजी गुप्ता, सहायक निदेशक, सीका, प्रो0 आशुतोष गुप्ता, प्रभारी निदेशक, शिक्षा विद्याशाखा, प्रो0 पी.के. पाडेय, निदेशक मानविकी विद्याशाखा, प्रो0 सत्पाल तिवारी, प्रो0 विनोद कुमार गुप्ता, प्रवेश प्रभारी, डॉ0 ज्ञान प्रकाश यादव, ओ.एस.डी. डॉ0 दिनेश सिंह एवं कुलसचिव, प्रो0 पी0पी0 दुबे ने प्रतिभाग किया।



*वर्चुअल बैठक में प्रतिभाग करती हुई मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण।*

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
21 मार्च, 2022

# विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रमों के विभिन्न बिन्दुओं एवं मुद्दों के सन्दर्भ में बैठक



*बैठक में उपस्थित श्री विनीत सिंघल जी, सदस्य सचिव, भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली, मा0 कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी एवं सहायक परीक्षा नियंत्रक, भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली (RCI) , श्री संदीप ठाकूर जी*

श्री विनीत सिंघल जी, सदस्य सचिव, भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली (RCI) एवं माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी की दिनांक 21 मार्च, 2022 को प्रातः 10:30 बजे नई दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में RCI से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रमों के विभिन्न बिन्दुओं एवं मुद्दों के सन्दर्भ में सदस्य सचिव, भारतीय पुनर्वास परिषद से माननीया कुलपति जी ने विचार विमर्श किया। माननीया कुलपति जी ने विशिष्ट शिक्षा के क्षेत्र में नये कार्यक्रमों को प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के निर्णय से श्री सिंघल को अवगत कराया। प्रो0 सिंह ने विश्वविद्यालय को RCI द्वारा मिल रहे सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में सहायक परीक्षा नियंत्रक, भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली (RCI), श्री संदीप ठाकूर जी भी उपस्थित रहे।

News Letter

# मुक्त चिन्तन

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

22 मार्च, 2022

## कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसंबर 2021 की परीक्षाएं मंगलवार 15 मार्च 2022 से 130 परीक्षा केंद्रों में शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हो गयी। विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने आज दिनांक 22 मार्च, 2022 को विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। माननीया कुलपति जी ने परीक्षा व्यवस्था को देखकर संतोष व्यक्त किया।







*विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी*

मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
मुक्त चिन्तन
23 मार्च, 2022


# उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुक्त विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया



दिनांक 23 मार्च, 2022 को राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्र हिन्दू कालेज, बरेली में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा टेबलेट वितरण किया गया।

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥
# मुक्त चिन्तन
News Letter
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
मुक्त चिन्तन
24 मार्च, 2022



## कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसंबर 2021 की परीक्षाएं मंगलवार 15 मार्च 2022 से 130 परीक्षा केंद्रों में शान्तिपूर्ण ढंग से प्रारम्भ हो गयी। विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने आज दिनांक 24 मार्च, 2022 को विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। माननीया कुलपति जी ने भीषण गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त प्रकाश एवं जल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया एवं परीक्षार्थियों से रूबरू हुई। इसी प्रकार प्रदेश के अन्य स्थानों पर उड़ाकादल एवं प्रेक्षको की टीम परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर रही है। माननीया कुलपति प्रो0 सिंह की सख्ती से नकलचियों के हौसले पस्त है।



*fo'ofo|ky; ds ;equk ifjlj fLFkr ijh{kk dsUnz dk vkSpd fujh{k.k djrh gqbZ ekuuh;k dqyifr izks0 lhek flag th*







News Letter

मुक्त चिन्तन

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

30 मार्च, 2022

# मुक्त विश्वविद्यालय एवं हिंदुस्तानी एकेडमी के बीच हुआ एमओयू



*एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित पत्र आदान–प्रदान करते हुए हिन्दुस्तानी एकेडमी के अध्यक्ष डॉ0 उदय प्रताप सिंह जी, विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी कुलसचिव प्रो0 पी.पी. दुबे एवं सचिव श्री देवेंद्र प्रताप सिंह*

## शैक्षणिक और साहित्यिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयागराज ने बुधवार को परस्पर सहमति पत्र एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत अब विश्वविद्यालय तथा एकेडमी के पास उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञता की साझेदारी द्वारा सांस्कृतिक साहित्य सृजन को बढ़ावा देने के लिए परस्पर संबंध को सुदृढ़ और सशक्त किया जाएगा। इसके साथ ही संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ ही सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशाला आदि में भागीदारी की जाएगी तथा संयुक्त सम्मेलन, सेमिनार व कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। विशेष शैक्षिक कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे तथा उनका निष्पादन किया जाएगा। संयुक्त परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही दोनों पक्षों की पूर्व सहमति से संकाय सदस्यों का आदान–प्रदान सुनिश्चित किया जाएगा तथा शैक्षिक सामग्री का भी आदान–प्रदान किया जाएगा।

# मा0 अतिथियों का स्वागत









हिन्दुस्तानी एकेडमी के अध्यक्ष
डॉ0 उदय प्रताप सिंह जी को अंगवस्त्र एवं
स्मृति चिन्ह भेंट कर उउनका सम्मान करती
हुई विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति
प्रो0 सीमा सिंह जी
एवं उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के
सदस्यगण



*विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं हिंदुस्तानी एकेडमी, प्रयागराज के बीच परस्पर सहमति पत्र (एम0ओ0यू0) पर हस्ताक्षर करते हुए हिन्दुस्तानी एकेडमी के अध्यक्ष डॉ0 उदय प्रताप सिंह एवं कुलसचिव प्रो0 पी. पी. दुबे तथा उपस्थित सचिव श्री देवेंद्र प्रताप सिंह*

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थाओं में शैक्षिक एवं साहित्यिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए शैक्षिक ढांचा तैयार करना है। विश्वविद्यालय में आयोजित हुए समारोह में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह, कुलसचिव प्रो0 पी पी दुबे, हिन्दुस्तानी एकेडमी के अध्यक्ष डॉ0 उदय प्रताप सिंह, सचिव श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, वित्त अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी एवं शिक्षक शामिल रहे।





प्रयागराज, गुरुवार
31 मार्च, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



हीली के शतक से आस्ट्रेलिया फाइनल में 12
बिम्सटेक को सुरक्षा कवच देगा भारत, चार्टर मंजूर 13



# हिंदुस्तानी एकेडमी के साथ साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा मुवि

**जासं, प्रयागराज** : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अब हिंदुस्तानी एकेडमी के साथ मिलकर शैक्षणिक और साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। इसके लिए दोनों संस्थानों के बीच बुधवार को मेमोरंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) करार हुआ।

इस एमओयू के तहत अब विश्वविद्यालय तथा एकेडमी के पास उपलब्ध सुविधाओं और विशेषज्ञता की साझेदारी द्वारा सांस्कृतिक साहित्य सृजन को बढ़ावा देने के लिए परस्पर संबंध को सुदृढ़ और सशक्त किया जाएगा। साथ ही संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशाला आदि में भागीदारी की जाएगी। अब दोनों संस्थान संयुक्त सम्मेलन, सेमिनार व कार्यशाला होंगे। विशेष शैक्षिक कार्यक्रम विकसित किए जाएंगे व निष्पादन किया जाएगा। संयुक्त परामर्श सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। साथ ही दोनों पक्षों की पूर्व सहमति से संकाय सदस्यों का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाएगा तथा शैक्षिक सामग्री का भी आदान-प्रदान किया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि एमओयू पर सहमति के बाद हस्ताक्षर हुए।



कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर करते एकेडमी के अध्यक्ष डाक्टर उदय प्रताप सिंह ● साभार : मीडिया सेल

इस दौरान कुलसचिव प्रो. पीपी दुबे, वित्त अधिकारी अजय सिंह आदि मौजूद रहे।